# पांच दिन से बिजली गुल, ग्रामीण सड़क पर

- दो घंटे तक इटारसी-जमानी मार्ग पर फंसे वाहन, समझाइश और आश्वासन के बाद खुला जाम

नवभारत न्यूज

**इटारसी. समीपस्थ ग्राम बाबई खुर्द में पांच दिनों से बिजली आपूर्ति ठप होने से नाराज ग्रामीण मंगलवार सुबह सड़क पर उतर आए. महिलाओं और पुरुषों ने करीब सुबह 10 बजे इटारसी-जमानी मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर दिया.**

करीब दो घंटे चले प्रदर्शन के कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा. प्रशासन और पुलिस की समझाइश के बाद ग्रामीणों ने जाम समाप्त किया. ग्रामीणों का कहना है कि पांच-छह दिनों से बिजली नहीं होने के कारण मोबाइल चार्ज करने सहित रोजमर्रा के काम प्रभावित हो रहे हैं. उनका आरोप है कि कुछ



लोग घरेलू कनेक्शन से खेतों की मोटर चला रहे थे, जिसके कारण विभाग ने पूरे गांव की बिजली काट दी. वहीं बिजली विभाग के अनुसार गांव में करीब 17 लाख रुपए का बिजली बिल बकाया है. विभाग का कहना है कि मीटर लगने के बाद से बकाया राशि का आधा भुगतान भी नहीं किया गया है. विभागीय अधिकारियों ने ग्रामीणों को समस्या के समाधान का आश्वासन दिया, जिसके बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ.

कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहन बिश्नोई का भी वीडिया वायरल हुआ, जिसमें बिश्नोई ने कहा कि राजनीति में आरोप-प्रत्यारोप लगते रहते हैं.उन्होंने बताया कि वे पीड़ित परिवार के समर्थन में काफी देर से बैठे थे.उनके अनुसार, राजेश गौर उन्हें हाईवे के बीच बैठकर चक्काजाम करने को कह रहे थे जिस पर उन्होंने गौर को वहां से चले जाने को कहा था. कहा कि तुम्हें नहीं बैठना तो मत बैठो लेकिन यहां से चला जाओ.

### अधिकारियों का कहना है

विभाग ग्रामीणों से केवल बकाया राशि का 10 फीसद जमा करने की मांग कर रहा है, ताकि खराब डीटीआर बदला जा सके. लेकिन ग्रामीण इसके लिए भी तैयार नहीं हैं. इसके अलावा, कुछ लोगों द्वारा नशे की हालत में सब-स्टेशन पर कर्मचारियों के साथ अभद्रता करने का मामला भी सामने आया है.

**संदीप पांडेय, डीजीएम बिजली कंपनी**

#### मध्यस्थता से सुलझा विवाद

सूचना मिलने पर पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे. दोनों पक्षों (ग्रामीणों और बिजली विभाग) के बीच बातचीत कराई गई है. बिल बकाया होने के कारण ही कनेक्शन काटा गया था. विभाग ने स्पष्ट किया है कि 10 प्रतिशत राशि जमा होते ही नई डीपी लगा दी जाएगी.

**नीलेश शर्मा, एसडीएम**

## शिव स्तुति से भक्तिमय हुआ आयोजन

**पिपरिया.** शहीद भगत सिंह शासकीय पीजी कॉलेज में स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अवसर पर सावन के सोमवार को भजन संध्या का आयोजन किया गया. कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजीव माहेश्वरी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ. भजन संध्या में विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की. विद्यार्थियों एवं स्टाफ ने शिव भजनों और स्तुति की प्रस्तुतियां दीं, जिससे महाविद्यालय परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो गया. कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिक परंपराओं, सकारात्मक जीवन मूल्यों और राष्ट्रीय स्वाभिमान की भावना से जोड़ना रहा. सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के माध्यम से विद्यार्थियों को देश की गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत के प्रति जागरूक किया गया.

# पुराने बस स्टैंड पर 650 किलो मावा जब्त

- भोपाल से आई करीब 2 लाख रुपए की खेप, बिल-रसीद नहीं मिली
- 13 पैकेट जब्त, नमूने जांच के लिए भेजे

नवभारत न्यूज

**नर्मदापुरम, 25 अगस्त . रक्षाबंधन से पहले मिठाइयों की बढ़ती मांग के बीच नर्मदापुरम में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मंगलवार को यात्री बस से 650 किलो संदिग्ध मावा जब्त किया. पुराने बस स्टैंड पर कार्रवाई के दौरान मावा 50-50 किलो के 13 पैकेट में मिला.**

इसकी अनुमानित कीमत करीब 2 लाख रुपए बताई गई है. बस चालक, कंडक्टर और मावा मालिक के पास खेप से संबंधित बिल या अन्य वैध दस्तावेज नहीं मिले. कार्रवाई अतिरिक्त तहसीलदार डॉ. सुरेखा यादव और खाद्य सुरक्षा अधिकारी कमलेश



दियावर की टीम ने की. अधिकारियों के पहुंचने के समय बस से मावे के पैकेट उतारे जा रहे थे. टीम ने पूरी खेप जब्त कर पंचनामा बनाया और नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे. पूछताछ में मावा फूल सिंह यादव का होना बताया गया, लेकिन वह इसके वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका. बताया गया कि कटियार बस सर्विस की यात्री बस भोपाल से छिंदवाड़ा जा रही थी. इसी बस में 650 किलो मावा लाया गया था. प्रारंभिक जांच में सामने आया कि मावे की खेप नर्मदापुरम के अलग-अलग व्यापारियों के लिए भेजी गई थी. खाद्य विभाग अब इसके स्रोत और संबंधित व्यापारियों की जानकारी जुटा रहा है. खाद्य सुरक्षा विभाग ने चक्कर रोड स्थित ब्रजवासी स्वीट्स की जांच कर मावा और मीठा मावा के नमूने लिए. वहीं सिवनी मालवा में संयुक्त टीम ने कई मिठाई दुकानों और निर्माण केंद्रों से मिल्क केक, बर्फी, अंजीर बर्फी, घी सहित अन्य खाद्य पदार्थों के नमूने लिए. पिपरिया में भी सपना स्वीट और बीकानेर स्वीट से मावा व विभिन्न मिठाइयों के नमूने लिए गए.

## एक नजर में



### रक्षाबंधन-ईद मिलादुन्नबी पर शांति बैठक

**झसेमरी हरचंद.** रक्षाबंधन एवं ईद मिलादुन्नबी त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने को लेकर सेमरी हरचंद पुलिस चौकी में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई. बैठक में दोनों समुदायों के गणमान्य नागरिकों के साथ सोहागपुर एसडीओपी अरविंद शाह, थाना प्रभारी गिरीश त्रिपाठी और पुलिस चौकी प्रभारी विपिन यादव मौजूद रहे. बैठक में अधिकारियों ने सभी लोगों से आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की. इस दौरान स्टेशन रोड पर स्थायी दुकानदारों द्वारा सड़क पर काउंटर रखकर दुकान लगाने का मुद्दा भी उठाया गया. नागरिकों ने सड़क पर अतिक्रमण से होने वाली परेशानी से अधिकारियों को अवगत कराया. अधिकारियों ने नियमों का पालन कर दुकानें संचालित करने तथा समस्या के समाधान का आश्वासन दिया. बैठक में सरपंच चेतन मीना, राजकुमार अग्रवाल, सत्यनारायण पटेल, प्रेमशंकर एके, राजेंद्र सिंह तोमर, संजय पुरोहित, वहीद शाह, अब्दुल समद, बृजेश दुबे, हरीश माहेश्वरी सहित शांति समिति के सदस्य मौजूद रहे. पत्रकार सुनील पचौरी, अनूप मित्तल, तरुण मेहरा और सुरेश कोरी भी उपस्थित रहे.

### मूंग स्टॉक में हेराफेरी, 1.11 लाख वसूले

**हरदा.** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देश पर कृषि उपज मंडी में मूंग क्रय करने वाले अनुज्ञप्तिधारी व्यापारियों के प्रतिष्ठानों का भौतिक सत्यापन किया गया. अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं भार साधक अधिकारी अशोक डेहरिया के निर्देशन में हुई कार्रवाई के दौरान 22 व्यापारियों के मूंग स्टॉक में कुल 122 क्विंटल का अंतर पाया गया. मंडी सचिव के अनुसार स्टॉक में पाए गए अंतर पर नियमानुसार पांच गुना मंडी शुल्क, निराश्रित शुल्क एवं प्रशमन शुल्क की कार्रवाई करते हुए कुल 1 लाख 11 हजार 699 रुपए की वसूली की गई. कार्रवाई के दौरान मंडी निरीक्षक हरनारायण भिलाला, मनीष कुमार मौर्य, नरेंद्र देवड़ा, चंद्रप्रकाश भलावी, कमलकिशोर उमरिया और गोविंद वल्लभ शर्मा मौजूद रहे.

### स्मार्ट मीटर से 80 लाख की बचत

**हरदा.** स्मार्ट मीटर को लेकर उपभोक्ताओं में फैली भ्रांतियों को दूर करने के लिए जिला पंचायत सभागार में मीडिया वर्कशॉप आयोजित की गई. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के उप मुख्य महाप्रबंधक सीके पवार ने बताया कि हरदा जिले में अब तक 28 हजार 273 स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं. उन्होंने बताया कि फरवरी से जुलाई 2026 तक 21 हजार 663 उपभोक्ताओं को 80 लाख 36 हजार रुपए की टीओडी छूट मिली है. सुबह 9 से शाम 5 बजे तक बिजली का उपयोग करने पर पात्र उपभोक्ताओं को ऊर्जा प्रभार में 20 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है. पवार ने बताया कि स्मार्ट मीटर में बिजली की खपत की रीडिंग स्वत: और सटीक दर्ज होती है. उपभोक्ता मोबाइल एप के माध्यम से दैनिक, साप्ताहिक और मासिक खपत की जानकारी देख सकते हैं. इससे बिलिंग में पारदर्शिता के साथ ऊर्जा बचत को भी बढ़ावा मिल रहा है. महाप्रबंधक हरदा वृत्त सुरेश कुमार ने बताया कि संपर्क अभियान 2026 के तहत जिले में आयोजित 117 शिविरों में 16 हजार 563 उपभोक्ताओं की समस्याओं का मौके पर निराकरण किया गया. अपर कलेक्टर पुरुषोत्तम कुमार ने स्मार्ट मीटर और विद्युत विभाग की जनहितैषी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने में मीडिया से सहयोग का आग्रह किया.

### कृषक समूह पुरस्कार के आवेदन 30 तक

**हरदा.** कृषि विस्तार सुधार कार्यक्रम आत्मा के तहत वर्ष 2025-26 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसानों और कृषक समूहों को पुरस्कृत किया जाएगा. इसके लिए जिले के उन्नतशील किसानों एवं समूहों से 30 सितंबर 2026 तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं. उप संचालक कृषि विकास एवं किसान कल्याण विभाग प्रकाश ठाकुर ने बताया कि किसानों द्वारा अपनाई गई कृषि तकनीक, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन और कृषि अभियांत्रिकी के क्षेत्र में उपज एवं उत्पादकता के आधार पर पुरस्कार दिए जाएंगे.

# रविदास जयंती पर निकली कलश यात्रा

- नगर पालिका कार्यालय के सामने पुष्पवर्षा से स्वागत
- समानता और भाईचारे का दिया संदेश

नवभारत न्यूज

**इटारसी. संत शिरोमणि श्री रविदास महाराज की 685वीं जयंती के अवसर पर इटारसी में आस्था और उत्साह का माहौल रहा. मेहरागांव स्थित श्री रविदास महाराज मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई. यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं और श्रद्धालु सिर पर कलश धारण कर भजन-कीर्तन करते हुए शामिल हुए.**

कलश यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए नगर पालिका परिषद कार्यालय के सामने पहुंची.



यहां जनप्रतिनिधियों और शहरवासियों ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया. इस दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय नजर आया.

स्वागत समारोह में विधायक एवं मध्यप्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष डॉ. सीतासरन शर्मा, एसडीएम नीलेश शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, सीएमओ सुरेखा जाटव, भाजपा जिला महामंत्री मुकेश चंद्र मेना, नगर मंडल अध्यक्ष राहुल चौरे, कार्यक्रम संयोजक एवं भाजपा महामंत्री सौरभ मेहरा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे.

## पिपरिया के गोविंद प्रसाद नागवंशी का जबलपुर में सम्मान

**पिपरिया.** कतिया समाज युवा ब्रिगेड परिवार, जबलपुर द्वारा मनोकामिनी कांवड़ यात्रा का आयोजन किया गया. यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने जबलपुर स्थित श्री भूरा भगत धाम से गौरीघाट पहुंचकर नर्मदा नदी से जल भरा और वापस धाम पहुंचकर शिवलिंग का जलाभिषेक किया. कार्यक्रम में सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रतिभाशाली बच्चों और समाजसेवियों का सम्मान किया गया. इसी क्रम में पिपरिया निवासी गोविंद प्रसाद नागवंशी को समाज सेवा, जनकल्याण एवं नि:स्वार्थ सेवा भावना के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए विशिष्ट समाजसेवी सम्मान-2026 प्रदान किया गया.

# किसानों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाए

- ई-टोकन की विसंगतियां दूर करने, पर्याप्त खाद-बिजली और लंबित भुगतान की मांग

नवभारत न्यूज

**इटारसी. भारतीय किसान संघ ने किसानों की विभिन्न समस्याओं के शीघ्र निराकरण को लेकर एसडीएम इटारसी नीलेश शर्मा के साथ बैठक की. तहसील मंत्री सुभाष साध ने बताया कि ई-टोकन व्यवस्था अच्छी है, लेकिन सर्वर डाउन रहने और अन्य विसंगतियों के कारण किसान टोकन बुक नहीं कर पा रहे हैं. उन्होंने खाद की मात्रा बढ़ाने की मांग भी रखी.**

जिला सहमंत्री रजत दुबे ने कहा कि धान और सोयाबीन की फसल अच्छी है, लेकिन बारिश की कमी के कारण किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली की जरूरत है. उन्होंने 10 घंटे निर्बाध बिजली उपलब्ध कराने और पथरोटा के 30 किसानों को कृषि पंप योजना का लाभ दिलाने की मांग की. तहसील अध्यक्ष श्यामशरण तिवारी ने बताया कि मूंग बेचने के बावजूद कई किसानों को भुगतान नहीं मिला है. उन्होंने खरीफ 2025 की लंबित फसल बीमा राशि जल्द जारी करने की मांग की. जिला सदस्य मोरसिंह राजपूत ने खेड़ा इटारसी-लोहारिया-तारारोड़ा-कांदई-रामपुर मार्ग की खराब स्थिति का मुद्दा उठाया.

# शिक्षक दंपती के सूने घर में चोरी 3.50 लाख के जेवर ले गए चोर

नवभारत न्यूज

**बनखेड़ी. बनखेड़ी की बोहरा कॉलोनी में शिक्षक दंपती के सूने घर को चोरों ने निशाना बनाते हुए करीब 3.50 लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए. परिवार के सदस्य 21 अगस्त को एक परिजन के निधन के बाद घर में ताला लगाकर गाडरवारा गए थे. 24 अगस्त की सुबह लौटने पर चोरी का पता चला.**

फरियादी विजय कुमार सोनी (55) हाईस्कूल कपूरी में पदस्थ हैं, जबकि उनकी पत्नी शासकीय



माध्यमिक शाला गरधा में शिक्षिका हैं. घर लौटने पर उन्होंने देखा कि मुख्य दरवाजे और बेडरूम की अलमारी के ताले टूटे हुए थे. जांच करने पर मंगलसूत्र, हार, लॉकेट, पायल, कंगन, बाजूबंद सहित अन्य जेवरात गायब मिले.

# खेलों से जीवन में एकाग्रता और अनुशासन आता है : पीयूष शर्मा

- मेरिटंस विद्यालय में खेल दिवस कार्यक्रम, बच्चों ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**नर्मदापुरम. मध्यप्रदेश तैराकी संघ के प्रदेश अध्यक्ष पं. पीयूष शर्मा ने कहा कि खेलों से जीवन में एकाग्रता और अनुशासन आता है. खिलाड़ी व्यक्तित्व के विकास के साथ जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढ़ता है. प्रत्येक बच्चे को किसी न किसी खेल को अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए.**

वे मंगलवार को समेरिटंस



विद्यालय में खेल दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा कि हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद देश की शान थे. उनकी उपलब्धियों के कारण आज भी हॉकी में भारत का नाम सम्मान से लिया जाता है. विद्यार्थियों को सफलता के लिए समय का पाबंद बनने की सलाह देते हुए उन्होंने कहा कि समयबद्धता जीवन में आगे बढ़ने की महत्वपूर्ण आदत है. कार्यक्रम की शुरुआत मेजर ध्यानचंद के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन से हुई. खेल प्रभारी सचिन खम्परिया ने विद्यालय की खेल गतिविधियों और उपलब्धियों की जानकारी दी. विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं. कार्यक्रम में संस्था संचालक डॉ. आशुतोष कुमार शर्मा, प्राचार्य प्रेरणा रावत सहित अन्य उपस्थित रहे.

# गौशाला निर्माण के लिए उठी मांग

नवभारत न्यूज

**इटारसी. श्री बजरंग सेना संगठन, इटारसी जिला नर्मदापुरम ने गौवंश की सुरक्षा और गौशालाओं की व्यवस्था सुधारने की मांग को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे को ज्ञापन सौंपा. संगठन ने शहर में गौवंश की बढ़ती समस्या को देखते हुए प्रशासन से ठोस कदम उठाने की मांग की.**

ज्ञापन में शहर की अव्यवस्थित या बंद पड़ी गौशालाओं को नगर पालिका के माध्यम से तत्काल शुरू कराने की मांग की गई. साथ ही इटारसी में बड़े स्तर पर गौशाला




निर्माण कर हजारों गौवंश के लिए सुरक्षित व्यवस्था उपलब्ध कराने की मांग रखी गई.

संगठन ने गौशालाओं के संचालन, प्रबंधन और व्यवस्थाओं से संबंधित पूरा लेखा-जोखा सार्वजनिक करने तथा संगठन को भी उपलब्ध कराने की मांग की, ताकि व्यवस्था में पारदर्शिता बनी रहे.

## गौ राष्ट्र यात्रा का पिपरिया पहुंचने पर भव्य स्वागत

**पिपरिया.** जीव-जंतु कल्याण एवं कृषि शोध संस्थान द्वारा गुजरात के सोमनाथ से असम के कामाख्या तक निकाली जा रही गौ राष्ट्र यात्रा का पिपरिया पहुंचने पर विभिन्न सामाजिक संगठनों ने भव्य स्वागत किया. करीब 20 हजार किलोमीटर की यह यात्रा 62 दिनों में सात राज्यों से होकर असम पहुंचेगी. पचमढ़ी रोड स्थित पद्मश्री तिराहा पर कतिया समाज समिति, नवयुवक संगठन, विकासखंड स्तरीय कतिया समाज समिति तथा संत भूरा भगत कतिया समाज नि:स्वार्थ सेवा समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों ने ढोल-नगाड़ों के साथ यात्रा में शामिल गौ रक्षकों एवं गौ भक्तों का पुष्पहार पहनाकर और पुष्पवर्षा कर स्वागत किया.

# त्योहारों के मद्देनजर दूध एवं दुग्ध उत्पादों की जांच तेज

**सिवनी मालवा 25 अगस्त. त्योहारों के मद्देनजर सिवनी मालवा में दूध एवं दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है.**

एसडीएम विजय राय के निर्देशन में राजस्व एवं खाद्य सुरक्षा विभाग की संयुक्त टीम ने विभिन्न मिठाई निर्माण केंद्रों का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के नमूने लिए. खाद्य सुरक्षा अधिकारी जितेंद्र सिंह राणा एवं नायब तहसीलदार कीर्ति प्रधान की टीम ने बानापुरा स्थित




साईं स्वीट्स एवं ओम राजस्थान मिष्ठान भंडार का निरीक्षण किया. टीम ने ओम राजस्थान मिष्ठान भंडार से मिल्क केक एवं बर्फी के नमूने लिए. भंडार के कारखाने से मिल्क केक, पाइनएप्पल बर्फी, चॉकलेट बर्फी एवं अंजीर बर्फी के नमूने लिए गए.

**आयोजन** | एचआईवी/एड्स जागरूकता के साथ विद्यार्थियों को किशोरावस्था के बदलावों की दी जानकारी

# शासकीय सांदीपनि विद्यालय में उमंग सत्र आयोजित

**नवभारत न्यूज 7 सिवनी मालवा, 25 अगस्त. शासकीय सांदीपनि विद्यालय, सिवनी मालवा में उमंग गतिविधि के तहत विशेष जागरूकता सत्र आयोजित किया गया. कार्यक्रम में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. कांति बाथम एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रियंका मसराम उपस्थित रहीं.**

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को एचआईवी/एड्स से बचाव और जागरूकता के संबंध में जानकारी दी गई. इस अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता भी आयोजित की गई. विद्यालय की उमंग प्रभारी श्रीमती निधि पगारे एवं डॉ. कविता कुरवाड़े के मार्गदर्शन में




कक्षा 11वीं और 12वीं के करीब 150 विद्यार्थियों ने सहभागिता की. सत्र में चिकित्सा अधिकारियों ने किशोरावस्था के दौरान होने वाले मानसिक और शारीरिक बदलावों की जानकारी दी. विद्यार्थियों को इस अवस्था में आने वाली परेशानियों से बचाव, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और किसी भी समस्या की स्थिति में समय पर उचित मार्गदर्शन लेने के लिए प्रेरित किया गया. चिकित्सा अधिकारियों ने विद्यार्थियों से स्वास्थ्य संबंधी जानकारी विश्वसनीय स्रोतों से प्राप्त करने और भ्रांतियों से बचने की अपील की. कार्यक्रम का उद्देश्य किशोर विद्यार्थियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाकर उन्हें स्वस्थ एवं जिम्मेदार जीवनशैली के लिए प्रेरित करना था.

# महंगाई से रक्षाबंधन का त्योहार फीका

नवभारत न्यूज

**इटारसी. जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय ने बढ़ती महंगाई को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधा है. उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन जैसे त्योहार के समय खाद्य सामग्री, सब्जियों, पेट्रोल-डीजल और गैस के बढ़ते दामों ने गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों का बजट बिगाड़ दिया है. पांडेय ने कहा कि सोना-चांदी के दाम बढ़ने के बाद अब रोजमर्रा की जरूरत की वस्तुओं की कीमतें भी लगातार बढ़ रही हैं.**

उन्होंने कहा कि बाजार में प्याज के दाम कुछ दिनों में करीब 20 से बढ़कर 60 रुपए किलो तक पहुंच गए हैं. भिंडी 20 से बढ़कर 60 रुपए किलो, बैंगन



करीब 40 और टमाटर 40 रुपए किलो बिक रहा है. लौकी और गिलकी समेत अन्य सब्जियों के दाम भी बढ़े हैं. इससे आम परिवारों की रसोई का बजट प्रभावित हो रहा है. पांडेय ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने महिलाओं को प्रतिमाह 3 हजार रुपए देने का वादा किया था, लेकिन अब त्योहार पर 250 रुपए की राशि देकर सरकार इसका प्रचार कर रही है. उन्होंने कहा कि महंगाई के दौर में मिठाइयों और अन्य जरूरी सामान के बढ़े दामों के कारण यह राशि पर्याप्त नहीं है.

उन्होंने सरकार से बढ़ती महंगाई पर तत्काल नियंत्रण करने की मांग की. पांडेय ने कहा कि महंगाई का असर केवल रसोई तक सीमित नहीं है, बल्कि स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य घरेलू खर्च भी प्रभावित हो रहे हैं. उन्होंने चेतावनी दी कि यदि महंगाई पर अंकुश नहीं लगाया गया तो कांग्रेस आम जनता के साथ गांव-गांव और शहर-शहर आंदोलन करेगी.